## खबर संक्षेप

### नवरात्र में श्रद्धालुओं को मिली राहतः यातायात पुलिस ने बाहरी वाहनों की चेकिंग बंद की

**सतना।** नवरात्रि के पहले दिन सतना से मैहर स्थित माँ शारदा देवी धाम जाने वाले और वहां से लौटने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। यातायात पुलिस द्वारा बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों पर की जा रही चालान कार्रवाई को यातायात प्रभारी पंकज शुक्ला ने बंद करा दिया है। पिछले कई दिनों से सतना नदी पुल और बगहा बाईपास के पास यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की सघन जाँच की जा रही थी। इस दौरान खासतौर पर उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों के वाहनों को रोककर चालान काटे जा रहे थे,जिससे दर्शनार्थी बेहद परेशान हो रहे थे।आरोप यह भी लग रहा था कि पुलिस टारगेट पूरा करने के लिए बाहरी श्रद्धालुओं को बेवजह तंग कर रही थी। इसके अलावा,इस कार्रवाई के दौरान 'दो तरह की राशि' लिए जाने की बात भी सामने आ रही थी,जिसने सतना पुलिस की छवि पर सवाल खड़े कर दिए थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,यह अभियान डीएसपी यातायात के मार्गदर्शन में चल रहा था,जिनकी कार्यशैली पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए उनकी नियुक्ति हुई थी,लेकिन कई लोग मानते हैं कि उनका ध्यान केवल डिवाइडर लगाने तक सीमित है और शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह भगवान भरोसे है। पूर्व में भी ऐसी शिकायतें मिलने पर एसपी आशुतोष गुप्ता ने त्वरित कार्रवाई की थी। ताजा जानकारी के अनुसार,यातायात प्रभारी पंकज शुक्ला ने श्रद्धालुओं की परेशानी को देखते हुए बाहरी वाहनों की जांच तत्काल प्रभाव से बंद करवा दी है। अब नवरात्र के दौरान मैहर जाने वाले श्रद्धालुओं के चालान नहीं काटे जाएंगे,जिससे लाखों भक्त सुकून के साथ अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे। हालांकि,शहर के भीतर यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सामान्य पुलिस कार्रवाई पहले की तरह जारी रहेगी। इस फैसले से श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है और यातायात प्रभारी की इस पहल की सराहना की जा रही है। उम्मीद है कि आगे भी पुलिस प्रशासन संवेदनशील होकर इस तरह के कदम उठाता रहेगा।

### मैहर का गौरव दिवस 5 अक्टूबर को मनाया जाएगा

**मैहर।** जिले का गौरव दिवस 5 अक्टूबर को बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस विशेष दिन को मनाने के लिए जिले के सभी तीनों विकास खंडों में तैयारियां ज़ोर-शोर से चल रही हैं और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गौरव दिवस के उपलक्ष्य में,रामनगर तहसील में स्थित कन्या शाला में एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपनी कला और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में पहले,दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन मैहर के गौरव शाली इतिहास,संस्कृति और उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।यह दिवस जिले के नागरिकों में एकता और गौरव की भावना को बढ़ावा देगा। प्रशासन द्वारा इस दिन के लिए कई और कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है,जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां,खेल और अन्य सामुदायिक गतिविधियां शामिल हैं। ये सभी प्रयास मैहर की समृद्ध विरासत को उजागर करने और भविष्य के लिए एक सकारात्मक दिशा स्थापित करने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं।

### गरीबों को उजाड़ा तो मेला बंद कराने को मजबूर होंगेः पूर्व विधायक त्रिपाठी

**मैहर।** नवरात्र के दौरान गरीबों,असहायों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को व्यापार करने के लिए जगह न दिए जाने से पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने कड़ा विरोध जताया है।उन्होंने अपने हजारों समर्थकों के साथ घंटाघर पर धरना प्रदर्शन किया और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गरीबों पर अत्याचार जारी रहा तो वे मेला बंद करा देंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि देश के अन्य शहरों में गरीब ठेला लगाकर और फुटपाथ पर व्यापार कर जीवन यापन करते हैं,तो मैहर में ऐसा क्यों नहीं हो सकता? उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन भू-माफियाओं के इशारे पर काम कर रहा है और गरीबों को उजाड़ कर उन्हें लाभ पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि माँ शारदा के शहर में गरीब,पीड़ित और ठेला-टपरा वाले सभी रहेंगे। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि उन्हें गरीबों को उजाड़ने के लिए नहीं,बल्कि उनकी भलाई के लिए भेजा गया है।

# मैहर शारदा मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब, नवरात्रि के पहले दिन 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**मैहर।**

प्रसिद्ध मां शारदा मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालु सीढ़ियों के रास्ते मंदिर की ओर बढ़ना शुरू हो गए थे। सुबह 4 बजे मंगला आरती के बाद भक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिए गए। मैहर को 51 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है,क्योंकि पौराणिक कथाओं के अनुसार,यहां देवी सती का हार गिरा था। इसी कारण इस स्थान का नाम 'माई हार' यानी मैहर पड़ा। नवरात्रि मेले के पहले दिन,सोमवार को,सुबह 9 बजे तक ही 60 हजार से अधिक भक्तों ने माता के दर्शन कर लिए थे। शाम तक यह आंकड़ा 1लाख 50 हजार के पार पहुंच गया,जिसमें लगभग 1 लाख 5 हजार श्रद्धालुओं ने सीढ़ियों से और 40 हजार से अधिक ने रोपवे से दर्शन किए।





### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

नवरात्रि मेले को देखते हुए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। मैहर रेलवे स्टेशन से लेकर मंदिर परिसर तक जगह-जगह सुरक्षा बल तैनात हैं।एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि सामान्य दिनों की तुलना में भीड़ अधिक होने के कारण अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। शहर में कई स्थानों पर विशेष जांच चौकियां भी बनाई गई हैं। मेला क्षेत्र और आसपास के प्रमुख स्थानों पर चाक-चौबंद सुरक्षा है। पुलिस बल पैदल गश्त के साथ-साथ पहाड़ी क्षेत्रों में मोटरसाइकिल से भी पेट्रोलिंग कर रहा है। मंदिर के ऊपरी और निचले हिस्से की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जा रही है,और पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं

मंदिर समिति ने भक्तों की सुविधा के लिए कई इंतजाम किए हैं। घंटाघर,रेलवे स्टेशन और मंदिर पार्किंग जैसी जगहों पर एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से माता के लाइव दर्शन की व्यवस्था की गई है,जिसका श्रद्धालु निःशुल्क लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा,समिति ने 1100 रुपये में सुगम दर्शन की व्यवस्था भी की है। इस सुविधा के तहत,श्रद्धालु 1100 रुपये की रसीद कटाकर रोपवे से मुफ्त यात्रा कर सकते हैं और आसानी से माता के दर्शन कर सकते हैं। इसके साथ ही,उन्हें मंदिर समिति की ओर से माता की चुनरी,भोग प्रसाद और एक स्मृति चिन्ह भी दिया जाता है।मैहर रेलवे स्टेशन पर भी भक्तों की भीड़ नजर आई। दर्शन के बाद कई श्रद्धालु स्टेशन के बाहर बने विश्राम पंडालों में आराम करते दिखे,जहां उनके लिए लाइव दर्शन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मैहर रेलवे स्टेशन से लेकर मंदिर तक बॉम्बे स्कॉट की टीम भी कड़ी निगरानी बनाए हुए है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एक एडिशनल एसपी, 6 डीएसपी, कई इंस्पेक्टर, उपनिरीक्षक और लगभग 600 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मेले की लगातार निगरानी पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह कर रहे हैं,जबकि एडिशनल एसपी डॉ.चंचल नगर को मेला इंचार्ज बनाया गया है।

## उचेहरा रेलवे स्टेशन के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, परिजनों की तलाश जारी



**सतना।** रेल पुलिस चौकी, सतना को उचेहरा रेलवे स्टेशन के पास एक अज्ञात पुरुष का शव मिला है। यह शव किलोमीटर नंबर 1158/9 से 1158/11 के बीच पाया गया। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 साल बताई जा रही है। रेल पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और उसके परिजनों की तलाश की जा रही है। अगर किसी भी थाना क्षेत्र में इस हुलिए के व्यक्ति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई हो,तो वे रेल पुलिस चौकी, सतना से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी रेल पुलिस चौकी सतना के मार्ग क्रमांक 65/25,धारा 194 बी एन एस एस के तहत जारी की गई है।

## सीवर लाइन में ज़हरीली गैस, दो सफाई कर्मी बेहोश; लापरवाही फिर पड़ी भारी

**सतना**





एक बार फिर नगर निगम की लापरवाही खुलकर सामने आई है। सोमवार दोपहर क्रिस्तुकुला स्कूल के पास महादेवा रोड पतेरी क्षेत्र में सीवर लाइन की सफाई के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ। लगभग 12 बजे,आदर्श शुक्ला और किशन वर्मा नाम के दो कर्मचारी सीवर के चैंबर में उतरे और जहरीली गैस के संपर्क में आते ही बेहोश हो गए। यह घटना एक बार फिर उन गंभीर सवालों को जन्म देती है कि क्या हमारे सफाई कर्मचारियों की जान की कोई कीमत नहीं है। हादसे की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में प्रशासन को सूचित किया और दोनों कर्मचारियों को बाहर निकालने की कोशिशें शुरू हुईं। सूचना मिलते ही एसडीएम सिटी राहुल सिलड़िया तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उनकी तत्परता के कारण ही दोनों बेहोश कर्मचारियों को तत्काल उनकी सरकारी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इलाज शुरू कर दिया है,लेकिन उनकी स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है। दोनों की जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यह हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं,बल्कि प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा सीवर की सफाई के लिए कर्मचारियों को कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए जाते हैं। न ही गैस मास्क,न ही सुरक्षा किट। खुले में बिना किसी सुरक्षा के ये लोग मौत के कुएं में उतरने को मजबूर होते हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है,जिसका परिणाम आज दो कर्मचारियों की जान पर बन आया है। नगर निगम की यह अनदेखी किसी आपराधिक लापरवाही से कम नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब सतना में इस तरह की घटना सामने आई है। पहले भी ऐसी कई घटनाएं हुई हैं,जिनमें सफाईकर्मियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। बावजूद इसके,प्रशासन की नींद नहीं खुल रही। अगर समय रहते सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता,तो यह हादसा टाला जा सकता था। क्या प्रशासन अब भी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? इस घटना के बाद,प्रशासन को सिर्फ जांच और कार्रवाई की बात नहीं करनी चाहिए,बल्कि ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में किसी की जान पर इस तरह का खतरा न मंडराए। इस हादसे के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि हर सफाईकर्मी को उसकी जान की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हों। अन्यथा, ऐसी खबरें हमें बार-बार देखने को मिलती रहेंगी।

## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियानः टीबी मरीजों को मिला पोषण आहार



**सतना।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत,सतना जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर बघेलान में टीबी मरीजों को पोषण आहार के पैकेट वितरित किए गए। यह वितरण प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड,मनकहरी के सहयोग से किया गया,जिसका उद्देश्य टीबी मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने में मदद करना है। इस पहल के तहत,100 क्षय रोगियों को पोषण आहार के पैकेट दिए गए,जबकि 200 अतिरिक्त फूड पैकेट जिला क्षय अधिकारी,सतना को भी प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार के टीबी मुक्त भारत बनाने के प्रयासों का एक हिस्सा है,जिसके अंतर्गत मरीजों को मुफ्त उपचार के साथ-साथ पोषण सहायता भी दी जा रही है। शासन की महत्वाकांक्षी नि-क्षय मित्र योजना के तहत, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने अपने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के तहत यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इन पोषण टोकरियों (फूड बास्केट) में तुअर दाल,आटा,मूंगफली,भुना चना और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल है। लाभान्वित मरीजों ने सरकार और सहयोगी संस्था का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सामुदायिक सहयोग और जागरूकता के माध्यम से भारत 2025 तक टीबी मुक्त होने का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस कार्यक्रम में डॉ.पूजा गुप्ता (जिला क्षय अधिकारी),डॉ.राघव गुर्जर (बीएमओ रामपुर बाघेलान), डॉ.मनीष कुमार सिन्हा (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट,प्रिज्म सीमेंट), देवेंद्र मिश्रा,प्रकाश पांडेय,संजय सिंह परिहार,सविता सिंह (हेल्थ वर्कर),आशा वर्कर्स और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## मैहर में दर्दनाक हादसाः बैरिकेड से टकरा कर युवक की मौत, सुरक्षा पर उठे सवाल



**मैहर।** नवरात्रि मेले की तैयारियों के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की जान चली गई। वार्ड नंबर 1के अंधारा टोला निवासी संतोष चौधरी,जिन्हें लाला भी कहते थे,की मौत मंदिर समिति द्वारा लगाए गए बैरिकेड से टकराने के कारण हुई। यह घटना देर रात हुई,जब लाला घर का सामान लेकर लौट रहे थे। नहर के पास अँधेरे में बैरिकेड दिखाई न देने के कारण वह उससे टकरा गए,जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि बिना किसी उचित चिह्नांकन और सुरक्षा के बैरिकेड लगाया गया था,जिसके कारण यह हादसा हुआ। मृतक की भाभी ने बताया कि लाला की शादी को अभी केवल एक साल हुआ था और वह परिवार का एकमात्र सहारा था,क्योंकि उनके पिता लकवे से पीड़ित हैं। परिजनों ने कलेक्टर और एसडीएम से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस हादसे ने मेले की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## अब ड्राइविंग लाइसेंस के लिए देना होगा अत्याधुनिक टेस्टः 108 कैमरों से होगी निगरानी, सिम्युलेटर की भी परीक्षा

**सतना में जल्द खुलेगा अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट**




**सतना।** सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से सरकार की पहल पर अब सतना जिले में एक अत्याधुनिक ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट(डीटीटीआई) जल्द ही शुरू होने जा रहा है। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संस्थान,उंचेहरा तहसील के बडखेरा में स्थापित किया जा रहा है और इसका संचालन सार्थक वेलफेयर सोसायटी के हाथों में होगा। उम्मीद है कि अगले दो से तीन महीनों में यह पूरी तरह से काम करना शुरू कर देगा। यह नया संस्थान ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को पूरी तरह से बदल देगा। अब आवेदक को एक अत्याधुनिक टेस्ट देना होगा,जिसमें 108 कैमरों से निगरानी की जाएगी।इसके साथ ही,उम्मीदवारों को सिम्युलेटर की परीक्षा भी पास करनी होगी। इस संस्थान का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वही व्यक्ति लाइसेंस प्राप्त करे जो वाहन चलाने और यातायात नियमों की पूरी जानकारी रखता हो। यह इंस्टीट्यूट 87,120 वर्ग फीट के बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है,जिसमें एक टेस्टिंग ट्रैक,क्लासरूम और अधिकारियों के लिए कक्ष शामिल हैं। लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को पहले एक लिखित परीक्षा देनी होगी,जिसके बाद ट्रैक पर वाहन चलाकर अपनी कुशलता साबित करनी होगी। ट्रैक पर वाहन और चालक की गतिविधियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और सेंसर से की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले या पूरी तरह से प्रशिक्षित न होने वाले व्यक्ति को लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा। इस नई प्रणाली से फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस बनने पर रोक लगेगी और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।यदि कोई आवेदक पहली बार में फेल हो जाता है,तो उसे दोबारा टेस्ट देने के लिए अतिरिक्त सरकारी शुल्क जमा करना होगा। अधिकारियों के अनुसार,पूरी परीक्षा प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी। यह पहल सुनिश्चित करेगी कि सड़कों पर केवल योग्य और जिम्मेदार चालक ही उतरें।

## मैहर में नवरात्रि की धूम, 300 से अधिक पंडालों में माता रानी विराजित



**मैहर।** शारदीय नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही मैहर और उसके आसपास का पूरा इलाका भक्तिमय वातावरण में डूब गया है। माता रानी के स्वागत के लिए जिले भर में 300 से अधिक भव्य दुर्गा पंडाल सजाए गए हैं। रविवार शाम से ही ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ देवी प्रतिमाओं को पंडालों तक ले जाया जा रहा है। मैहर शहर में पुरानी बस्ती, किला चौक, घंटाघर, सब्जी मंडी, रुई मंडी,गल्ला मंडी और देवीजी प्रांगण सहित कई अन्य स्थानों पर पारंपरिक और आधुनिक शैली के पंडाल बनाए गए हैं। इसके अलावा,अमरपाटन और रामनगर जैसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंडालों की सजावट पूरी कर ली गई है। मूर्तिकारों ने प्रतिमाओं को अंतिम रूप देकर उनका श्रृंगार किया है। पंडालों में विधि-विधान के साथ प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही है। जगह-जगह आकर्षक विद्युत सज्जा,सुंदर झांकियां और थीम आधारित पंडाल भक्तों को आकर्षित कर रहे हैं। नवरात्रि के नौ दिनों तक माता की आराधना के साथ-साथ हवन,भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।



## मैहर पुलिस ने 1.992 किलोग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**मैहर।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए,1 किलो 992 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर व महेंद्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। कोतवाली थाना प्रभारी,निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी,के नेतृत्व में 21 सितंबर 2025 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रामपथ गमन लिंक रोड उमरी पैला बाईपास के पास एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर मनीष पटेल 31 निवासी पिथौराबाद, नागौद को पकड़ा। उसके पास से दो प्लास्टिक की थैलियों में रखा 1 किलो 992 ग्राम गांजा बरामद किया गया,जिसकी कीमत लगभग 19,000 रुपये है।आरोपी मनीष पटेल को तुरंत गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया गया। उसे कोर्ट में पेश किया गया है।इस कार्रवाई में निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी,उपनिरीक्षक कुलदीप पटेल,उपनिरीक्षक अशोक सिंह, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र वर्मा,आरक्षक राजेंद्र सिंह,पवन कुमार और प्रधान आरक्षक जय बागरी की भूमिका सराहनीय रही।

## मैहर की अंबिका बेरी को केरल सरकार ने किया सम्मानित

**मैहर।**



नारी शक्ति का प्रतीक,श्रीमती अंबिका बेरी को केरल सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा एक बड़ा सम्मान दिया गया है।उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है, बल्कि यह पूरे मैहर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। श्रीमती बेरी को यह सम्मान उनकी विशिष्ट सेवाओं और योगदान के लिए प्रदान किया गया है। यह पहली बार नहीं है जब उन्हें सम्मानित किया गया हो; इससे पहले भी उन्हें भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा देवी अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। उनकी निरंतर उपलब्धियां समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं और यह दर्शाती हैं कि नारी शक्ति कितनी सशक्त और प्रभाव शाली हो सकती है। इस सम्मान पर मैहर के गणमान्य नागरिकों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है और अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। अंबिका बेरी का यह सम्मान मैहर के साथ-साथ पूरे देश में नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनकी सफलता अन्य महिलाओं को भी अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगी।

## आधुनिकता से आध्यात्मिकता की ओर

# नशा मुक्त युवा बनाएंगे विकसित भारत- ब्रह्माकुमारी

**पन्ना**। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गतष्नशा मुक्ति युवा विकसित भारतष विषय के अंतर्गत ब्रह्माकुमारी विद्यालय में युवाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ब्रह्माकुमारी बहन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहां आज युवाओं में तनाव और निराशा बढ़ रही है, अपने में उनका विश्वास घट रहा है आपने कहा कि युवा काल जीवन का सर्वश्रेष्ठ काल है इस काल में युवा मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं का जितना बढ़ाना चाहे बढ़ा सकता है, युवाओं के पास शक्तियों का भंडार है पर निर्णय हमें लेना होगा कि उन शक्तियों का उपयोग कहां और किस में करना है, आपने कहा कि जितना हम बड़ों का सम्मान करते हैं उतनी उनकी दुआएं प्राप्त होती हैं युवाओं से विशेष अनुरोध करते हुए कहा कि मातृशक्ति के प्रति सम्मान और आदर का भाव जागृत करना होगा। हम सभी जानते हैं नशा शरीर को खोखला करता है परिवार को तोड़ता है और समाज को कमजोर करता है लेकिन धर्म की भाषा में




कहें तो नशा आत्मा की रोशनी को ढक देता है, नशा केवल शरीर का रोग नहीं है यह आत्मा का अंधकार है और जब शरीर और आत्मा अंधकार में है हो तो राष्ट्र की शक्ति भी दुर्बल हो जाती है नशा मुक्त भारत ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का मार्ग है। जिस तरह शराब और तंबाकू हमें गुलाम बनाते हैं उसी तरह विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता भी हमें गुलाम बनती है नशे की लत और विदेशी वस्तुओं की आदत दोनों ही भारत को दुर्बल करती है इसलिए यदि हमें आत्मनिर्भर बनना है तो हमें नशा छोड़ना होगा और स्वदेशी अपनाना होगा अपने संसाधनों का सम्मान करना होगा। युवाओं से आवाहन करते हुए कहां मंदिरों की घंटियों की गूंज तभी पवित्र होगी जब समाज नशे से मुक्त होगा आरती के दीपक की लौ तभी सच्चे अर्थों मे प्रज्वलित होगी जब घर-घर में स्वदेशी का दीपक जलेगा और भारत तभी विश्व गुरु बनेगा जब हर युवा नशे से मुक्त और स्वदेशी से युक्त होगा। अंत में ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी युवाओं से नशा छोड़ने की प्रतिज्ञा कराई एवं स्वदेशी चीजों को अपनाने का संकल्प दिलाया।

## खबर संक्षेप

### स्टेट बैंक देवेंद्र नगर परिसर में शाखा प्रबंधक और स्टाफ द्वारा किया गया वृक्षारोपण



**देवेंद्रनगर** – भारतीय स्टेट बैंक देवेंद्र नगर परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक सत्येंद्र कुमार चैबे के नेतृत्व में स्टेट बैंक परिसर मैं कर्मचारियों ने पौधे रोपे। लोगों को वृक्षारोपण के महत्व के साथ साथ शाखा प्रबंधक ने प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएमजेवाई एवं अन्य श्योजनाओं की जानकारी भी मौजूद आमजन को दी। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर सत्येंद्र चैबे, राहुल त्रिपाठी, शशांक, हिमांशु पांडे अलख अग्रवाल आदि सहित आम नागरिक मौजूद रहे।

### माधौगंज कांड के आरोपियों को पकड़ने भारतीय किसान यूनियन ने सौंपा ज्ञापन



**अजयगढ़** । भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश पटेल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री व पुलिस को विभिन्न मांगों को लेकर थाना प्रभारी अजयगढ़ को ज्ञापन सौंपा गया है ज्ञापन में लेख किया गया है कि अजयगढ़ थाना अंतर्गत माधौगंज में मां बेटे की हुई निर्मम हत्या के आरोपियों को पकड़ने की मांग की गई है इसके साथ ही परिवार को सहायता राशि व सुरक्षा व्यवस्था कराई जाए। पन्ना जिला यूपी सीमा से लगा होने के कारण आपराधिक गतिविधियां हमेशा सक्रिय रहती है इस लिए अजयगढ़ के प्रत्येक थाना व चैकियों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाए जिससे आपराधिक गतिविधियों को रोक जा सके। माधौगंज कांड से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है पुलिस गश्ती बढाई जाए। अजयगढ़ नगर में चैराहे चैराहे पुलिस बल लगाया जाए विद्यालय कॉलेज खुलने व बंद होने के समय पुलिस गश्ती लगवाई जाए उक्त मांगों को साथ दिवस में पूरा किया जाए अन्यथा आंदोलन के लिए विवश होंगे।ज्ञापन देने में छत्रपति कुशवाहा, राम प्रसाद, भय्यन कुशवाहा, रामबाबु, रामौतार, ओमप्रकाश, कालू,लल्लू, बेटूलाल, फूलचंद धर्मेंद्र, सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

### शासकीय महाविद्यालय गुनौर में कबड्डी का आयोजन



**गुन्नौर**। शासकीय महाविद्यालय गुनौर में मध्य प्रदेश मध्य प्रदेश शासन उत्सव विभाग के द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार महाविद्यालय में दिनांक 22 सितंबर 2025 को जिला कबड्डी चनतनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पन्ना जिला के महाविद्यालय अमानगंज पवई अजयगढ़ पन्ना की टीम में सम्मिलित हुई कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीपक जलन से हुआ एवं मंच पर उपस्थित अतिथि का सम्मान किया गया जिसमें पन्ना जिले के अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर क चतुर्वेदी महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष मुगल सिंह सोलंकी महाकौशल प्रांतीय क्रीड़ाभरती अध्यक्ष अरूण सिंह जिला प्रचारक राजेंद्र जी जिला सहसंयोजक देवेंद्र जी समस्त महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी और महाविद्यालय के प्रचाया डॉ. सिद्धू सिंह एवं समस्त महाविद्यालय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे कबड्डी में शासकीय महाविद्यालय पन्ना विजय रहा और महाविद्यालय गुन्नौर उपविजेता रहा।

# शांति समिति बैठक में बने नियम प्रशासन ने की सौहार्द्रपूर्ण उत्सव की अपील

### देवेन्द्रनगर में नवरात्रि-दशहरा की तैयारियां तेज़

**देवेन्द्रनगर**। आगामी नवरात्रि और दशहरा उत्सव को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना परिसर में तहसील प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। तहसीलदार ज्योति सिंह राजपूत और थाना प्रभारी राम आसरे सोनकर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पत्रकार बंधु, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना, चल समारोह और विसर्जन व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। तय हुआ कि नवरात्रि के दौरान मांस, मछली और अंडे की खुले में बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नियंत्रित ध्वनि स्तर पर ही किया जाएगा। प्रतिमाएं विवादित स्थलों या सड़क मार्ग अवरुद्ध करने वाले स्थानों पर स्थापित न हों। बिजली के तारों के नीचे अथवा 30 से 45 फीट से अधिक ऊँचाई वाले पंडाल नहीं बनाए जाएँ। अधिक भीड़-भाड़ से बचते हुए दर्शनार्थियों के लिए सुगम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन केवल देवेंद्रनगर बांध स्थित निर्धारित स्थल पर किया जाएगा। तहसीलदार ज्योति सिंह राजपूत ने कहा कि सभी आयोजक समितियां इन नियमों का पालन करें ताकि नगर में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्रशासनिक निर्देशों का सम्मान करें। पाँच वर्ष पूर्व तक नगर का प्रसिद्ध दशहरा उत्सव तिराहे पर पुराने सरकारी अस्पताल के सामने मनाया जाता था। लेकिन नगरवासियों की सामूहिक सहमति से इसे समदड़िया ग्राउंड में स्थानांतरित किया गया। तब से यह आयोजन न केवल देवेंद्रनगर बल्कि संपूर्ण पन्ना जिले के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बन गया है। बेहतर व्यवस्था, अधिक स्थान और आधुनिक सुविधाओं के कारण समदड़ियि ग्राउंड अब दशहरा उत्सव की पहचान बन चुका है। बैठक में तहसीलदार ज्योति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी राम आसरे सोनकर, सीबीएमओ डॉ. अभिषेक जैन, नगर के वरिष्ठ नागरिक, विभिन्न समितियों के पदाधिकारी और पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# तुम्हें कभी न भूल पायेंगे, तुम्हारी यादों से जो ये वादा- चिरोलया

**पन्ना**। प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े जिले के जन हितैषी तथा विकास को समर्पित सक्रिय पत्रकार श्री संजय सिंह राजपूत जी का विगत 12 सितम्बर 2025 को आकस्मिक निधन होने पर दिनाांक 21.09.2025 को स्थानीय सर्किट हाउस पन्ना में नगर व जिले के प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े पत्रकारजनों, समाजसेवीजनों, साहित्यिक जनों सहित विभिन्न राजनैतिक संगठन के लोगों ने महाशोक व्यक्त करते



हुए उन्हें भावभीनी विनम्र श्रृद्धांजलि अर्पित कीं। साहित्यकार पत्रकार एवं कवि लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने काव्यांजलि प्रस्तुत करते हुए कहा कि- तुम्हें कभी न भूल पायेंगे, तुम्हारी यादों से जो ये वादा। हीरों की नगरी से चले गये हो, पन्ना नगर से चले गये हो, हमें जो रोता बिलखता छोड़कर, तुम्हें कभी न भूल पायेंगे, तुम्हारी यादों से जो ये वादा।

# संडे ऑन साइकिल का हुआ आयोजन

### प्रतिभागियों ने दिया फिट रहने एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश





**पन्ना**। सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत रविवार को सुबह पन्ना नगर के छत्रसाल पार्क से साइकिल रैली निकाली गई। इस संडे ऑन साइकिल रैली को पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रैली में स्थानीय विधायक सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवं आमजनों ने भी सहभागिता की। शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण के दौरान संडे ऑन साइकिल के जरिए उत्तम स्वास्थ्य के संकल्प के साथ नशा से दूर रहने का संदेश भी दिया गया। पन्ना विधायक ने इस अवसर पर कहा कि देश के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम स्वस्थ्य रहकर ही इसमें अपनी भूमिका का बेहतर निर्वहन कर सकेंगे। इसलिए अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। नशे के खिलाफ भी अभियान चलाया जाए। साथ ही स्वच्छता के महत्वपूर्ण अभियान में भी सहभागी बनें।

# सलेहा में वेदी शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न

**सलेहा**। नगर में विराजमान परम पूष्या भारत गौरव गणिनी आर्यिका गुरु माँ 105 विन्ध्य श्री माता जी (ससंघ) के सानिध्य में दिनांक 20 सितम्बर 2025 को श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन नवीन जिनालय में मूलनायक वेदी एवं अन्य २ वेदियों का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास में हजारों लोगों ने सम्मिलित होकर पुण्यार्जन किया। यह अनुष्ठान पू० गुरु माँ के मार्गदर्शन एवं प. कमलेश जी शास्त्री, बनारस वालों के निर्देशन में किया गया। मूलनायक वेदी का शिलान्यास मंदिर शिलान्यास कर्ता श्रीमान संजीव जी, आशीष एवं आलोक जैन (सपरिवार) के द्वारा किया गया। द्वितीय वेदी का शिलान्यास श्रीमान् पवन जी, मधुर, मिलन, मनीष जैन के द्वारा किया गया। तृतीय वेदी काश शिलान्यास वर्षायोग समिति इंद्रेश जैन, संयम जैन,अशोक जैन, आगम जैन अप्पू, नागेंद्र जैन, संजय जैन एवं समस्त समाज किया गया। पूज्य गुरु माँ के आशीर्वाद से नवीन जिनालय का कार्य तीव्रता से चल रहा है।



आगामी 2026 में सलेहा में भव्य पंचकल्याणक महोत्सव एक स्वर्णिम इतिहास रचने वाला है। पूज्य गुरु माँ ने बताया कि जो प्राणी नवीन जिनालय में सहयोग करता है। वह अगले भव में अतुल संपदा प्राप्त करता है। धन-संपत्ति प्राप्त करता है। जो एक रु. का दान देता है, किसी न किसी भव में वह करोड़ों की संपति का मालिक होता है। उसे राज-वैभव की प्राप्ति होती है।धन की तीन गति होती है - दान, भोग और नाश। प्राप्त हुई संपत्ति से दान करके अपने अगले भव में संपत्ति प्राप्त कर सकते हैं। भोग करके जीवन सुरक्षित बना सकते हैं। अन्यथा अंत में नाश तो होना ही है। हम इस दुनिया में खाली हाथ आये थे और खाली हाथ ही जाना है।

# एचआईवी/ एड्स एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन




**पन्ना**। छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एस.डी.चतुर्वेदी के संरक्षण में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जाने वाले 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 के मध्य 'सेवा पखवाड़ा अभियान' के तहत पांचवे दिन पर एड्स के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक कुरीतियों पर रैली, नुक्कड़ नाटक का आयोजन गोद ग्राम लक्ष्मीपुर में किया स इस कार्यक्रम में सभी इकाइयों के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं के सेवक भारी संख्या में उपस्थित होकर जोश के साथ रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक किया, साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता के लिए युवाओं ने दीवारों में पंपलेट चिपकाए और ग्रामीणों के मध्य बांटे। कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक डॉ मनोज कुमार शुक्ल के निर्देशन में संपन्न इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूषा शर्मा, अरविंद निषाद एवं डॉ रोशनी गुप्ता ने रैली का संचालन किया। उक्त कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय पन्ना से काउंसलर श्री अखिलेश श्रीवास जी भी उपस्थित थे। एचआईवी एड्स पर नुक्कड़ नाटक हेतु मार्गदर्शन कार्यक्रम संयोजक डॉ एम के शुक्ल एवं सामाजिक कुरीतियों पर नुक्कड़ नाटक डॉ पीयूषा शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस जागरूकता रैली से निश्चित रूप से ग्रामवासी लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामवासी, युवा के साथ साथ बच्चे भी उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड में प्रख्यात है माता कलेही का मंदिर

### प्रदेश ही नहीं देशभर से श्रद्धालु आते हैं दर्शन करने से होती है मनोकामनाएं पूरी

**पन्ना**। देश भर में शक्ति स्वरूपा जगत जननी के अनेक मंदिर हैं,जहां माता विभिन्न रूपों में विराजमान है ऐसा ही एक मंदिर बुंदेलखंड के पन्ना जिले के पवई में स्थित है जो पूरे बुंदेलखंड ही नहीं अपितु देश भर में प्रसिद्ध है। ऐसा ही एक मंदिर है जो विंध्य पर्वत श्रृंखला की तलहटी में बसे पन्ना जिले की पवई में है,जिसका नाम जुबां पर आता है,तो जेहन में दिव्य शक्ति मां काली का दिव्य दर्शन सामने आता है,वैसे तो शक्ति स्वरुपा नारायणी के अनेक रूप हैं, जो देश भर के अलग-अलग स्थान पर शक्तिपीठ के रूप में विद्वान है। दुर्गा सप्तशती में वर्णित नव देवियों में मां कलेही सप्तम देवी कालरात्रि ही है, अष्टभुजाओं में शंख चक्र, गदा, तलवार तथा त्रिशूल उनके आंठो हाथों में है, पैर के नीचे भगवान शिव है, उनके दाएं भाग में हनुमान जी तथा बाय भाग में बटुक भैरव विराजमान है। मां हाथ में भाला लिए महिषासुर का वध कर रही है। यह विलक्षण प्रतिमा 14 -16 शताब्दी की चंदेल कालीन है। मां कलेही पवई नगर से दो किलोमीटर की दूरी पर पतने नदी के तट पर विराजमान है इस स्थान की छटा बड़ी मनोरम है। यहां सम्पूर्ण भारत के सभी अंचलों बुन्देलखण्ड, बघेलखण्ड, मालवा, निमाड़ आदि से मां के दर्शनों के लिए लोग आते हैं। प्राचीन समय से अनवरत चली आ रही मां कलेही में भक्तों की आस्था आज भी कायम है। इस







तथ्य का प्रमाण मंदिर परिक्रमा में लालचुनरी में बंधे हुये हजारों श्रीफल है। यहां भक्त अपनी मन्नते लेकर आते हैं और सच्चे मन से मां कलेही की आराधना करके श्रीफल को लालचुनरी में लपेट कर बांध देते हैं तथा मन्नत पूर्ण होने पर श्रीफल को छोड़कर मनोकामना पूर्ण होने का शुभ संकेत देते हैं। नवरात्रि में यहां कन्या भोज कराने वालों की मनोकामनायें अवश्य पूर्ण होती हैं। श्रद्धालु यदि सच्ची श्रद्धा एवं भाव से मां कलेही की परिक्रमा पूर्ण करता है तो भी मां भक्त की पुकार सुनती है। भोर होते ही मां के भक्त नंगे पैर मंदिर में जल, फल, फूल, पत्र एवं प्रसाद लेकर पहुंचते हैं। कहा जाता है कि पवई नगर के नगायच परिवार के भागीरथ प्रसाद नगायच और पत्नी श्रीमती देवी नगायच, वह प्रतिदिन पहाड़ी पर चढ़कर माता कलेही की पूजा करने के लिए जाती थी। जब बह व्रद्ध हो गई तो उन्हें पहाड़ चढ़ने में परेशानी होती थी जिसकी वजह से उन्होंने एक दिन माता से प्रार्थना की कि वह अब यहां आने में असमर्थ है, तो माता ने उनसे कहा कि तू आगे आगे चल पीछे मुड़कर नहीं देखना जहां तू पीछे मुड़कर देखेगी मैं वही विराजमान हो जाऊंगी, इस तरह पतने नदी के पास पहुंचते ही जब माता की पैरों की आवाज आना बंद हो गई तो देवी नगायच ने पीछे मुड़कर देखा और माता का विग्रह वहीं पर विराजमान हो गया। उसके बाद भागीरथ नगायच के द्वारा वहा मंदिर बनवाया गया और आज परिवार सुख समृद्धि से भरपूर है कलेही माता को चलित प्रतिमा माना जाता है। शारदेय नवरात्रि हो या फिर चैत्र नवरात्रि में जवारे बोए जाते हैं एवं उनकी पूजा की जाती है ओर विसर्जित किए जाते है।

### शासकीय विद्यालय की बिल्डिंग में मजदूर ने लगाई फांसी, दर्दनाक मौत



पतंजलि के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले टोराह ग्राम में सोमवार की दोपहर 12:00 बजे एक आत्महत्या का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम रामसखा पिता ढोला बर्मा निवासी ग्राम राजापुर थाना देवेंद्र नगर जो टोराह ग्राम में बन रही शासकीय विद्यालय की बिल्डिंग में मजदूरी का काम कर रहा था जिसकी सोमवार को बिल्डिंग में ही लास लटकी मिली है मृतक के परिजन ने बताया कि उसने रात्रि के समय अपनी पत्नी को फोन कर बताया था कि उसके पेट में दर्द है, उसके बाद फोन बंद हो गया सुबह जब ठेकेदारों ने बिल्डिंग में जाकर देखा बिल्डिंग में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर लटका मिला।

# तालाब में डूबने से 82 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत, झरकुंआ ग्राम में घटी घटना

**पन्ना**। जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले झरकुआ ग्राम में एक दुखद घटना सामने आई है, जिसमें गांव के ही तालाब में डूब जाने से 82 वर्षीय वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई सोमवार की दोपहर 1:00 अमानगंज पुलिस थाना पहुंचे। मृतक के परिजन ने



जानकारी देते हुए बताया, कि मृतक तांतू उर्फ तंतुआं पिता कल्लू कुशवाहा का उम्र 82 वर्ष निवासी कुदरा झरकुआ रोजाना की तरह रात्रि के समय अपने कमरे में सो गया था। सुबह 9:00 बजे जब परिजनों ने देखा तब उक्त व्यक्ति का कहीं कोई पता नहीं चला। तब व्यक्ति को तलाश करते हुए तालाब पर कुछ लोग पहुंचे जहां तालाब में वृद्ध की लाश तैरती मिली। घटना की जानकारी तुरंत अमानगंज पुलिस को दी जिस पर अमानगंज पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्यवाही उपरांत उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा ।

## खबर संक्षेप

### दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिका

**पवई।** शक्ति की उपासना और आराधना के पर्व शारदेय नवरात्रि की देश भर में धूम है। देश प्रदेश सहित पन्ना जिले में भी दुर्गा प्रतिमाओं के स्थापना के लिए पंडाल लगाए जा रहे हैं। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व में लोग अपनी अपनी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शक्ति के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं।इसी को लेकर मूर्तिकार भी दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। मूर्तिकार लगातार प्रतिमाओं की साज सज्जा,वस्त्र,उनका श्रृंगार आदि के लिए दिन रात काम में लगे हुए हैं। मूर्तिकार नत्थू लाल ने जानकारी देते हुए क्या कुछ कहा लिए सुनते हैं।

### शिक्षित बेरोजगारों की समस्या गम्भीर-रोजगार पाने के लिए शासन को दो सूत्रीय ज्ञापन डॉ पांडेय

**अमानगंज।** मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभाग जिनमें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उच्च शिक्षा स्कूल शिक्षा आयुष बिभाग पी एच ई डी जल संसाधन सहित 50से 60 विभाग आज की स्थिति में शासन द्वारा स्वीकृत माप दंड के अनुसार 30%पद लम्वे समय से खाली पड़े हुए है उच्च शिक्षा प्राप्त ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र से जुड़े नवयुवक इसी आशा में है कि आगामी लोक सभा विधान सभा चुनाव के आते आते खाली पड़े पदों को पूर्ति पाकर विज्ञापन हो सकता है परंतु बीते 12/ 14वर्षो से साशन प्रशासन वित्तीय संकट होने का बहाना बनाते हुए साशन आंख मूंद कर वेठी हुई है बीते दिवस क्षेत्र भृमण पर निकले हमारे मैदानी संवादाता से हुए साक्षात्कार में मध्यप्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ जिला पन्ना के आजीवन सदस्य जिला प्रवक्ता डॉ एम पी पांडेय ज्वाला देवी प्रांगण में सासन को एक सूत्रीय ज्ञापन के संदर्भ में बताया है कि खाली पड़े हुए पदों की पूर्ति बाबत डॉ मोहन यादव जी कैविनेट में प्रस्ताव लाकर नीतिगत आदेश जारी करावे।

### पवित्र यात्रा उमरा करके लौटे परिवार का किया स्वागत

**दमोह।** दमोह के पुराना बाज़ार चिश्ती नगर निवासी ऐजाज़ खान एवं उनके परिवार के लोग पवित्र यात्रा उमरा के सफर से लौटे जिन्होंने मक्का और मदीना शरीफ की ज़ियारत की 13 दिन मक्का शरीफ़ और एक सप्ताह मदीना शरीफ़ की ज़ियारत करके उमरा का सफर पूरा कर वापस अपने वतन लौटे दमोह नगर आगमन पर वार्ड के लोगों न सभी यात्रियों का फूल मालाओं से स्वागत किया ।इस अवसर पर ऐजाज़ खान जो फैयाज खान के भाई है उन्होंने कहा कि वहाँ पहुँचकर बड़ा सुकून हासिल हुआ और हमनें व हमारे परिवार ने अपने देश और जिले नगरवासियों के लिए सलामती की दुआएँ माँगी । पवित्र यात्रा पर मरहूम हाजी अज़ीज़ खान सर्वेयर की पत्नी ऐजाज़ खान फैयाज खान की माँ नज़मुल निशा, नाजमा तब्बसुम पति ऐजाज़ खान एवं पुत्री अलीजा खान, पुत्र अरशान खान वापस दमोह लौटे सभी ने मुबारकबाद दी ।

### आदि शक्ति को समर्पित "शक्ति पर्व" आज और कल

**दमोह।** संस्कृति विभाग द्वारा शारदेय नवरात्रि के पावन अवसर पर "शक्ति पर्व" का आयोजन 22 एवं 23 सितंबर 2025 को सायं 6.30 बजे से किया जा रहा हैं। इसी क्रम में 22 सितंबर को बड़ी देवी मंदिर फुटेरा तालाब के पास दमोह में आयोजन होगा। साथ ही 23 सितंबर को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मैदान तेंदूखेड़ा में माता की आराधना के पर्व में कला प्रस्तुतियाँ होंगी। इस प्रदेश स्तरीय महोत्सव में लोक-भक्ति गायन और आदि शक्ति को समर्पित नृत्य नाटिका के माध्यम से देवी के वैभव और महिमा को विभिन्न कला रूपों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। ज्ञात हो कि 22 सितंबर को बड़ी देवी मंदिर में नरसिंहपुर के सुमित दुबे के लोकगायन से सभा का आगाज होगा। कार्यक्रम को विस्तार देते हुए श्रीलयम नाट्यश्री कलासमिति, भोपाल के कलाकार नृत्य नाटिका "देवी" के माध्यम से माता के शक्ति के 9 स्वरूपों को मंच पर जीवंत करेंगे। इस सुमधुर शाम का समापन मुंबई के पंडित राजेश मिश्रा (पंखिड़ा फेम गायक) की प्रस्तुति के साथ होगा।

# प्रियंका मैन्यूर एण्ड फर्टीलाइजर विक्रेता के विरूद्ध एफआईआर दर्ज, 400 बोरी अवैध खाद जप्त

**प्रियंका मेंयूर एंड फर्टिलाइजर्स खाद विक्रेता शिवांत गुप्ता पर 400 बोरी डीएपी कीमत लगभग 5 लाख रुपए का अवैध भंडारण**

**राजनगर।** कलेक्टर के निर्देश पर प्रियंका मेंयूर एंड फर्टिलाइजर्स खाद विक्रेता शिवांत गुप्ता पर 400 बोरी डीएपी कीमत लगभग 5 लाख रुपए का अवैध भंडारण करने पर उर्वरक निरीक्षक ने एफआईआर दर्ज कराते हुए खाद जप्त की। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में राजस्व अधिकारियों द्वारा खाद वितरण केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि डॉक्टर रवीश सिंह ने बताया कि निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर खाद विक्रय करने एवं अवैध भंडारण करने पर कार्यवाही की जा रही है। विगत रोज शिवांत गुप्ता पिता सुरेन्द्र कुमार गुप्ता प्रियंका मैन्यूर एंड फर्टिलाइजर विक्रेता के खजवा के पास गोदाम में 400 बोरी इफको कंपनी की डीएपी खाद अवैध रूप से भंडारित पाई गई। जबकि पीओएस मशीन में डीएपी का भंडार शून्य पाया गया। जिसके कारण विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक निरीक्षक द्वारा राजनगर



थाना में उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 एवं उपभोक्ता वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कराया गया है। साथ ही अवैध खाद को जब्त किया गया है। डीएपी भंडारित होना पाया गया, जो उर्वरक अवैध भण्डारण कालाबाजारी वितरण की श्रेणी में आता है। उक्त कृत्य उर्वरक गुण नियंत्रण 1985 की धारा 7 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 का उल्लंघन है। गौरतलब है कि बीते दिवस राजनगर में तहसीलदार के निर्देश पर 2 जगह अवैध रूप से इफको डीएपी खाद रखी गोदामों को सील किया गया था। विक्रेता ने जांच दल को मौके पर खाद का स्टॉक शून्य बताकर नगर से बाहर जाना बताया था। जबकि क्षेत्र भर के किसानों ने दोपहर को मौके पर मोबाइल से वीडियो बनाकर प्रशासनिक अधिकारियों को मोबाइल पर शिकायत करके जानकारी दी, जिस पर तहसीलदार राजनगर के निर्देश पर राजनगर पटवारी मैयादीन प्रजापति सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और खाद रखे गोदाम को सील करने की कार्यवाही की गई।

### सील लगा ताला तोड़कर लगाया दूसरा ताला -

खाद विक्रेता ने बीती रात ग्राम खजवा में शील दुकान की सील तोड़कर ताला खोलकर दूसरा ताला दुकान पर लगा दिया और गोदाम से लगभग 20 से ज्यादा खाद की बोरी निकाल ली, जिसकी भनक लगने पर एफआईआर की कार्यवाही करके अवैध 400 बोरी खाद जप्ती की कार्यवाही की गई तथा प्रशासनिक अधिकारियों तथा पुलिस बल लगाकर राजनगर की दूसरी गोदाम पर रखा खाद किसानों को वितरण कराया गया। वितरण के दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.के. श्रीवास्तव, राजनगर पटवारी मैयादीन प्रजापति सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### नोटिस देने के कई दिनों बाद भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर, और न दुकान को सील किया प्रशासन ने -

अभी रबी फसल का सीजन पूरी तरह शुरू भी नहीं हुआ है कि खाद की लगातार कालाबाजारी की जा रही है और इसकी शिकायतें मिल रहीं हैं। बीते रोज धमौरा में शिवाय खाद बीज भण्डार में स्टॉक में गड़बड़ी पाये जाने पर बीज भण्डार की संचालक माया कुशवाहा को एफआईआर दर्ज कराने के संबंध में नोटिस जारी किया गया था। कई दिन बीत जाने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई, और ना ही दुकान को प्रशासन ने सील किया। इसके अलावा अधिकारियों ने बाजना की 2 खाद दुकानों का निरीक्षण किया था, जहां अनियमितताएं पाये जाने पर इन दोनों दुकानों को मौक़े पर सील कर दिया गया था।

## देवी मां की आराधना के महापर्व का हुआ आगाज



**छतरपुर।** आदिशक्ति मां भवानी की आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्रि का आगाज सोमवार को हुआ। सुबह 4 बजे से देवी मां के मंदिरों में भक्तों का पहुंचना शुरु हो गया था, जो कि दोपहर 12 बजे तक चला। वहीं दूसरी ओर नवदुर्गा उत्सव समितियों द्वारा जगह-जगह सजाए गए पंडालों में वैदिक आचार्यों ने शुभ मुहूर्त में प्रतिमाओं की स्थापना कराई। शहर के खेरे की देवी मंदिर, हमा के काली देवी मंदिर, पीतांबरा मंदिर, झन-झन देवी मंदिर और गांव की देवी मंदिर में बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त उत्साह के साथ पूजा-अर्चना करने पहुंचे। नवरात्रि में व्रत करने वाली महिलाओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। वहीं दूसरी ओर सुबह से लेकर शाम तक प्रतिमा स्थापना के कार्यक्रम भी होते रहे। दुर्गा पंडालों में होने वाले सांस्कृतिक आयोजन भी पहले दिन से शुरु हो गए हैं। इसके अलावा जिले के अन्य इलाकों में भी देवी मां की उपासना शुरु हो गई है। लवकुशनगर के बंबरबैनी मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। वहीं नौगांव क्षेत्र के ग्राम मऊसहानियां में पहाड़ी पर स्थित मां गुरैया के मंदिर में पूजा-अर्चना की जा रही है।

## पर्यटन नगरी के रेल्वे स्टेशन पर युवक-युवतियों में हुई मारपीट



**छतरपुर।** खजुराहो रेलवे स्टेशन पर एक युवक-युवती और चार अन्य युवकों के बीच हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में शराब के नशे में धुत लोग आपस में झगड़ते दिख रहे हैं। घटना में लोगों ने बेल्ट, डंडा और लोहे की रॉड का इस्तेमाल किया। मारपीट में सभी को चोटें आई और खून बहता दिखाई दे रहा है। वीडियो में एक युवती को बीच-बचाव करते हुए देखा गया, लेकिन उसके साथ भी मारपीट की गई। यह वीडियो एक टैक्सी चालक ने बनाया है। बताया गया है कि युवक-युवती पास के एक प्राइवेट होटल में ठहरे हुए थे। होटल से बाहर निकलने पर किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। मारपीट के बाद युवक-युवती बांदा (उत्तर प्रदेश) की ट्रेन में सवार होकर फरार हो गए। बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि वीडियो रात में उनके संज्ञान में आया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। अभी तक थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। पुलिस वीडियो में दिख रहे सभी आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। मामले की पुष्टि होने के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्रि महोत्सव को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुआ आयोजन

**पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में मनाने प्रशासन ने बनाई रूपरेखा**

**नौगांव।**

रविवार को थाना परिसर में आगामी शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर प्रशासन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त शांति समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओपी अमित मेश्राम ने की, जबकि थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे, तहसीलदार रमेश कोल एवं नायब तहसीलदार प्रदीप सिंह लोधी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में शहर के बुद्धिजीवी, नवदुर्गा समिति, गरबा महोत्सव समिति के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहर वासी शामिल हुए।

बैठक में सबसे पहले नवदुर्गा पूजा पंडालों की तैयारियों की समीक्षा की गई। समिति के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि पंडालों की बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखें। किसी भी स्थान पर खुले तार न लटकें,तारों को लोहे के पाइप से सुरक्षित दूरी पर रखा जाए, करंट फैलने जैसी घटनाओं से बचाव के लिए सभी तकनीकी सावधानियाँ बरती जाएं। इसके साथ ही आयोजन समितियों को कहा गया कि पंडालों में केवल धार्मिक गीत और भजन ही बजाए जाएं। फिल्मी गानों और डीजे पर रोक रहेगी। माहौल को धार्मिक और गरिमामय बनाए रखने की अपील की गई।



### जुआ और असामाजिक गतिविधियों पर रोक -

थाना प्रभारी बाल्मीकि चौबे ने साफ कहा कि किसी भी पंडाल परिसर में ताश, लूडो या अन्य किसी प्रकार के जुए से संबंधित गतिविधि बिल्कुल नहीं होनी चाहिए। यदि इस तरह की गतिविधि पाई गई तो संबंधित समिति और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में धसान नदी में प्रतिमा विसर्जन के लिए भी विस्तृत योजना पर चर्चा की गई। प्रशासन ने बताया कि नदी किनारे सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस बल की विशेष तैनाती के साथ-साथ गोताखोर और बचाव दल भी मौजूद रहेंगे ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

### सोशल मीडिया पर भी रहेगी नजर

थाना प्रभारी श्री चौबे ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नवरात्रि के दौरान यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने, भड़काऊ पोस्ट करने या हुड़दंग मचाने जैसी गतिविधि में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी कहा गया कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी।

### समितियों और जनप्रतिनिधियों का सहयोग -

बैठक में मौजूद सभी समितियों के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को भरोसा दिलाया कि वे नवरात्र महोत्सव को शांति, सौहार्द और भाईचारे के माहौल में संपन्न कराने में पूरा सहयोग करेंगे। साथ ही यह भी तय किया गया कि विसर्जन और जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए स्वयंसेवक भी तैनात किए जाएंगे। एसडीओपी अमित मेश्राम ने बैठक के समापन पर कहा कि प्रशासन हर स्तर पर सतर्क है और जनता से भी सहयोग की अपील करता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र महोत्सव धार्मिक आस्था और शक्ति की भक्ति का पर्व है।

### चलती हुई एंबुलेंस का ब्लास्ट हुआ टायर, अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराई

**बड़ामलहरा।**



*सोमवार को क्षेत्र में एक चलती हुई एंबुलेंस का टायर अचानक ब्लास्ट हो गया और एंबुलेंस अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस का चालक जख्मी हुआ है, जिसे इलाके लिए अस्पताल भेजा गया। गुलगंज थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा ने बताया कि ग्राम बिलवार के पास एनएचएआइ की एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली थी। मौके पर एंबुलेंस का चालक क्षतिग्रस्त वाहन में फंसा हुआ था, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया। घायल चालक को बड़ामलहरा अस्पताल भेजा गया था, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।*

# अहिल्या उद्धार और पुष्प वाटिका की लीला देख भाव विभोर हुए दर्शक

**छतरपुर।** श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति के 75 में वर्षगांठ के उपलक्ष में रामलीला द्वारा अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें रामचरितमानस भवन प्रांगण में सात दिवसीय श्री राम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा पंडित राजीव लोचन दास जी महाराज कथा वाचन किया जा रहा है। वही संध्याकाल में रामलीला समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है जिसमें पांचवें दिन की लीला मे रामलीला समिति ने अहिल्या उद्धार, नगर दर्शन व फुलवारी लीला का सजीव मंचन किया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

रामलीला मंडल के कलाकारों ने दिखाया कि गुरू विश्वामित्र के साथ गए श्रीराम और लक्ष्मण ने विकराल राक्षसी का वध करके यज्ञ सम्पन्न कराया। इसके उपरांत गौतम ऋषि के शाप से नारी से शिला बनी अहिल्या का उद्धार किया। प्रभु श्रीराम ने ज्यों ही शिला पर पैर रखा तो शापित अहिल्या फिर से नारी रूप में प्रकट हुईं। ऋषि विश्वामित्र के साथ श्रीराम और लक्ष्मण जनकपुर पहुंचे। राजा जनक ने मुनिवर विश्वामित्र और श्रीराम, लक्ष्मण का स्वागत-सत्कार किया। यहीं पूजा के लिए पुष्प वाटिका में पुष्प चुनने राम और लक्ष्मण गए। वहां दोनों भाइयों को देख जनकपुर वासी आनंदित हुए। उसी समय मां पार्वती की पूजा करने गईं सीता ज़ी राम को देखकर मोहित हुई। उन्होंने प्रभु श्रीराम को पति रूप में पाने के लिए मां गौरी का पूजन-अर्चन किया। यह लीला देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता ने जहर खाकर दी जान

**पिता ने आरोपी की पत्नी पर लगाए धमकाने के आरोप**

**छतरपुर।**

सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाई गई एक नाबालिग लड़की ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिसके बाद उसके पिता ने बताया कि कुछ माह पहले एक व्यक्ति ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया था, जिसके लिए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बीते रोज आरोपी की पत्नी घर पर आई थी और उसके जाने के बाद



बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिस कारण से उसकी मौत हुई है।

मामला पड़ोसी राज्य उत्तरप्रदेश के अजनर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। मृतिका के पिता ने बताया कि 1 जून 2025 को गांव के एक व्यक्ति ने उसकी बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया था। 2 जून को उसने अजनर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसकी विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पिता के मुताबिक बीते रोज आरोपी की पत्नी उसके घर आई थी, जहां उसने बेटी से मुलाकात कर प्रकरण में राजीनामा करने का दबाव बनाया। पिता का आरोप है कि आरोपी की पत्नी द्वारा दी गई धमकी से डरकर उसकी बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो वह इलाज के लिए लड़की को छतरपुर जिला अस्पताल लाए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद लड़की का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## जिला अस्पताल पर फिर लगे गंभीर लापरवाही के आरोप

# गर्भवती महिला का प्रसव नहीं कराया गया प्रसव, शिशु की मौत

**छतरपुर।**

अक्सर लापरवाहियों के लिए सुर्खियों में रहने वाले जिला अस्पताल से एक बार फिर गंभीर मामला सामने आया है। ताजा मामले में एक प्रसूता महिला के परिजनों ने अस्पताल के डिलीवरी वार्ड में प्रसव कराने के एवज में पैसों की मांग किए जाने और इलाज में लापरवाही किए जाने के आरोप लगाए हैं।

ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम ढिलापुर-डुड़ारी के रहने वाले फूल सिंह यादव ने बताया कि उसकी बहू मोना यादव उम्र 20 वर्ष गर्भवती थी। 20 सितंबर की रात करीब 3 बजे



अचानक उसे प्रसव पीड़ा होने लगी, जिसके बाद वे निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल लेकर आए। फूल सिंह के मुताबिक डिलीवरी वार्ड की एक नर्स ने डिलीवरी कराने के एवज में उनसे 5 हजार रुपए मांगे, जो देने के लिए वह तैयार हो गए थे लेकिन इसके बाद भी वार्ड की नर्सों और डॉक्टरों ने मोना का प्रसव नहीं कराया, रात 3 बजे से अगले दिन दोपहर 3 बजे तक मोना दर्द से तड़पती रही। फूल सिंह ने बताया कि इसके बाद स्टाफ ने प्रसव में समय बाकी होने की बात कहकर जबरन मोना की छुट्टी कर दी। मजबूरन उन्हें मोना को वापिस गांव ले जाना पड़ा, लेकिन गांव पहुंचने के मात्र 2 घंटे बाद ही मोना का प्रसव हो गया। फूल सिंह ने बताया कि मोना के गर्भ से निकला शिशु शिथिल था, जिस कारण से वे पुनः बहू और शिशु को लेकर जिला अस्पताल आए। अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने शिशु को मृत घोषित कर दिया, जबकि बहू को फिर से भर्ती कर लिया गया। फूलसिंह ने कहा कि जिला अस्पताल में उनकी बहू और उसके पेट में पल रहे बच्चे के साथ किए गए खिलवाड़ की शिकायत वे कलेक्टर और एसपी से करेंगे। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. आरपी गुप्ता से भी बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### ग्रामीणों ने जताया विस्थापन का विरोध, बड़े आंदोलन की घोषणा

**तेंदूखेड़ा।** वीरांगना रानी दुर्गावती रिजर्व टाइगर के नौरादेही अभयारण्य क्षेत्र में जारी विस्थापन प्रक्रिया के विरोध में नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति के तत्वावधान में दिनांक 20 सितंबर 2023 को ग्राम पंचायत सर्रा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मीसाबंदी संतोष भारती जी ने की। इस बैठक में चार ग्राम पंचायतों सर्रा, भैंसा ,कुतपुरा, बोरिया के सैकड़ों 4 ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के साथ-साथ आसपास के नवयुवक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीणों ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा 20 सितंबर 2023 को जारी राजपत्र में नौरादेही क्षेत्र से विस्थापन के आदेशों के विरोध में गहरा आक्रोश प्रकट किया। ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा, "मर जाएंगे, लेकिन अपनी जमीन नहीं छोड़ेंगे।"सभा को संबोधित करते हुए संतोष भारती ने कहाः "हमें हमारी मातृभूमि प्राणों से भी अधिक प्रिय है। जब तक हम एकजुट हैं, तब तक कोई भी हमें हमारी जमीन से नहीं उखाड़ सकता। हमें प्रशासन पर काले मेघों की तरह गरजना और बरसना होगा।

**खबर संक्षेप**



## शिक्षक कर्मचारियों को सरकार दे पुरानी पेंशन

**स्लीमनाबाद।** मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस जिला शाखा कटनी की महत्वपूर्ण एवं गरिमामयी बैठक संगठन के प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी ,जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस शहर के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला , इंटक अध्यक्ष बीएम तिवारी ,शिक्षक कांग्रेस के प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, रीठी जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ नरेंद्र राय सहित अन्य सांगठनिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुई जहाँ कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला का आत्मीय स्वागत किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में प्रदेश के समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को हर हाल में सरकार के द्वारा पुरानी पेंशन प्रदान किए जाने की बात कही गई ,साथ ही अमित शुक्ला के द्वारा यह भी संकल्प लिया गया कि उनके माध्यम से प्रत्येक मंच पर शिक्षकों के हितों का सदैव पक्ष रखा जावेगा । बैठक का संचालन कार्यकारी जिला अध्यक्ष अजय सिंह के द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन संगठन के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जनाब इलियास अहमद एवं प्रांतीय सचिव श्रवण पाठक के द्वारा किया गया ।

## नवरात्रि पर्व पर जालपा मंदिर में होंगे विविध धार्मिक आयोजन

**कटनी।** नगर के प्रमुख आस्था के केन्द्र सिद्धपीठ श्री जालपा देवी मंदिर के पण्डा लालजी ने बताया कि आश्विन नवरात्रि का पावन पर्व आज 22 सितंबर सोमवार से प्रारम्भ हो रहे हैं। नवरात्रि पावन पर्व मंदिर में बड़े ही श्रृद्धा भवति के साथ मनाया जायेगा । बैठकी को मातारानी के जवारे स्थापित किये जावेगे। प्रति दिन रात्रि कालीन महाआरती, 9.30 होगी एवं माता रानी का श्रृंगार भी नवरात्रि पर्व पर प्रति दिन होगा। गरबा एवं श्री जालपा माई भगत समाज हरा प्रति दिन भगतो का गायन रात्रि में किया जावेगा। सप्तमी तिथि 28 सितंबर को रात्रि मे 9 बजे से माताजी भव्य अभिषेक होगा तथा अष्टमी तिथि को माताजी का विशेष श्रृंगार का दर्शन होगा। नवमी तिथि 30 सितंबर को माताजी के जवारो विसर्जन जलूस रात्रि में 8 बजे से प्रारम्भ होगा तथा नगर भ्रमण पश्चात जवारो का विसर्जन होगा। पण्डा ने समस्त धर्म प्रेमी श्रद्धालुजनों से धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

## वृद्ध को सांप ने काटा, इलाज दौरान हुई मौत

**कटनी।** सर्पदंश से एक वृद्ध की मौत हो गई है। घटना बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नीमखेड़ा में हुई। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कारेलाल चौधरी पिता हल्ला चौधरी 60 नीमखेड़ा को जहरीले सर्प ने काट लिया था। परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई है।

## फांसी के फंदे में झूल महिला ने की खुदकुशी

**कटनी।** एक महिला ने फांसी लगाकार आत्महत्या कर ली है। घटना बरही थाना क्षेत्र के ग्राम उबरा की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार बढ़ई मोहल्ला बरही अशोक वर्मा के मकान में पूजा पति शिव प्रसाद विश्वकर्मा 28 निवासी उबरा थाना बरही का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है।

## अवैध शराब की जब्त

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम पड़रभटा में निवासी उर्मिला बाई चौधरी के पास से 22 पाव शराब जब्त की। इसी तरह बहोरीबंद पुलिस ने पथराडी पिपरिया में कमलेश चौधरी के पास से 14 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की। थाना क्षेत्र अंतर्गत ही सिमरापटी में प्रकाश उर्फ बब्जी यादव के पास से 90 पाव शराब जब्त की।

### इस बार 10 दिन का नवरात्र, पहले दिन पंडालों और मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

# शक्ति आराधना का महापर्व: मां दुर्गा के जयकारों से गूंज उठा रीवा







**रीवा ।**

शारदेय नवरात्र पर्व की शुरुआत सोमवार से पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गई है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं। जगत जननी मां दुर्गा के स्वागत में भव्य पंडाल सजकर तैयार हैं और प्रथम दिन घटस्थापना के साथ ही शक्ति की उपासना का यह महापर्व पूरे जिले में भक्ति के रंग में रंग गया।शहर के प्रमुख चौराहों, गलियों और मोहल्लों में भव्य पंडालों में देवी दुर्गा की प्रतिमाएं श्रद्धा के साथ स्थापित की गई हैं। विधिपूर्वक पूजन के साथ-साथ सुबह से ही आरती और देवी गीतों की गूंज वातावरण को भक्तिमय बना रही है। भक्तजन बड़ी संख्या में माता के दर्शन के लिए पंडालों और मंदिरों का रुख करते दिखाई दिए।वही ग्रामीण अंचलों की बात करे तो नवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। युवाओं ने गरबा की रिहर्सल शुरू कर दी है, वहीं महिलाएं भजन मंडलियों के साथ मंदिरों में भक्ति रस घोल रही हैं। देवी चौकी और जागरण की तैयारियों ने गांव-गांव में पर्व की रौनक को बढ़ा दिया है। बता दे आज 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा. आमतौर पर नवरात्र का पर्व 9 दिन तक मनाया जाता है, लेकिन इस बार चतुर्थी तिथि दो दिन होने के कारण 10 दिन तक नवरात्रा मनाया जाएगा, शुभ मुहूर्त में सुबह से ही घरों में घट स्थापना की हुई, नवरात्र के पहले दिन घट व कलश स्थापना का विशेष महत्व होता है, माना जाता है कि कलश स्थापना से घर में देवी का आगमन होता है और देवी मां अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। बॉक्सरानी तालाब मंदिर में मेला आकर्षण का केंद्र, सुरक्षा के पुख्ता इंतजामशहर का ऐतिहासिक रानी तालाब मंदिर एक बार फिर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन गया है। मंदिर परिसर के बाहर विशाल मेला लग चुका है जिसमें प्रसाद सामग्री, मिट्टी के दीप, सजावटी वस्तुएं, खिलौने, खानपान के स्टॉल और बच्चों के झूले मुख्य आकर्षण हैं। प्रशासन की ओर से यहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। भीड़ प्रबंधन के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं। दर्शन व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए बेरिकेड्स और लाइन मार्किंग की गई है। सोमवार को सुबह से ही मंदिर परिषद में भक्तों का दर्शन के लिए तांता लग रहा, सुबह 4:00 पट खुलने के साथ ही महिलाओं बुजुर्गों एवं युवाओं में माता रानी के दर्शन के लिए उत्साह देखने को मिला। बॉक्स पुलिस की दोहरी ड्यूटी, सीसीटीवी से निगरानीपुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के आदेश दिए गए हैं। रानी तालाब मंदिर क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की दो शिफ्टों में ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग लाइनें बनाई गई हैं। प्रभात गश्त को तेज किया गया है और पुलिस सादी वर्दी में भी निगरानी रखेगी। भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है, जबकि टू-व्हीलर वाहन मंदिर परिसर में तथा फोर-व्हीलर विवाह भवन परिसर में पार्क किए जा रहे हैं।

### नकदी समेत कीमती कपड़े ले उड़े अज्ञात चोर, 6 माह में दूसरी बार हुई वारदात, गढ़ बस स्टैंड के पास की घटना

# कपड़े की दुकान में चोरों ने बोला धावा

**रीवा ।**

जिले के गढ़ थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं ने एक बार फिर से लोगों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने गढ़ स्थित पुराने बस स्टैंड के पास स्थित कपड़े की दुकान में सेंध लगाकर नकदी और कीमती कपड़े चुरा लिए। यह वारदात ट्रेंड मेन्स वेयर नामक दुकान में उस समय हुई जब क्षेत्र में रात का सन्नाटा पसरा था। दुकान संचालक सूर्यबली सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी गढ़, ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे की ओर से शेड तोड़कर भीतर प्रवेश किया और बड़ी ही सफाई से दुकान में रखी नकदी और हजारों रुपये



मूल्य के ब्रांडेड कपड़े समेत ले गए। अगले दिन सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला और चोरी का खुलासा हुआ। चौंकाने वाली बात यह है कि करीब छह महीने पूर्व भी इसी दुकान में चोरी की घटना घट चुकी है, जिसकी शिकायत संबंधित थाने में की गई थी, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सूर्यबली सिंह ने गढ़ थाना पहुंचकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका है।बॉक्स चोरी की घटनाओं से व्यापारी परेशानगढ़ क्षेत्र के रहवासियों और स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यह कोई पहली चोरी नहीं है। पिछले वर्ष भी क्षेत्र में चोरी की कई वारदातें सामने आई थीं, लेकिन आज तक अधिकतर मामलों में पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिली। बार-बार हो रही इन घटनाओं से लोगों में दहशत है और वे पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने व त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## चेक अनादरण के मामले में 1 लाख 37 हजार रूपए का अर्थदंड एवं 6 माह का कारावास

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

चेक अनादरण के मामले में श्रीमती मनीषा जैन (तिवारी) न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कटनी द्वारा 1 लाख 37 हजार रूपए का अर्थदंड एवं 6 माह का कारावास की सजा का 15.09.2025 को आदेश पारित किया गया।

मामला इस प्रकार है कि आरोपी रमेश पटेल पिता मोतीलाल पटेल, 38 वर्ष, निवासी ग्राम खिरवाखुर्द, पोस्ट- डीघी, थाना/तहसील-विजयराघवगढ, कटनी, म.प्र. ने ट्रेक्टर की किश्त अदायगी हेतु परिवादी फर्म, तरूषि आयशर ट्रेक्टर प्रोप्रा-शंकर धामेचा, अहमदनगर, कुठला, कटनी से राशि-80,000 रूपए नगद उधार प्राप्त किया था, और कहा था कि तीन माह के अंदर उक्त उधार अदा कर चुकता करेगा। निर्धारित समय में भुगतान ना देने पर तथा परिवादी द्वारा उक्त उधार की अदायगी की मांग करने पर आरोपी ने अपने बैंक कार्पोरेशन बैंक का चैक राशि-80,000 रूपए का परिवादी फर्म को दिया था। 'उक्त चैक अनादरण पश्चात सूचना मिलने के बावजूद आरोपी द्वारा भुगतान नहीं किया गया, जिस पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लिया गया।



## नवागत पुलिस अधीक्षक ने अतैरला, पनवार, डभौरा, जवा का किया औचक निरीक्षण

**रीवा ।**

नवागत पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेन्द्र सिंह चौहान ने तरांयी आंचल के अतरैला पनवार डभौरा जवा थाना का औचक निरीक्षण कर थाने में पेंडिंग अपराध, सान्हा, जरायम,मर्म सहित अन्य रिकोर्ड एवं माल गोदाम महिला पुरूष बंदीगृह का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया साथ ही अपराधियों एवं अवैध नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस जनता की रक्षा सुरक्षा के लिए है वा हमारा प्रयास हो कि आम जनमानस को त्वरित न्याय मिले एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सके साथ ही अच्छे कार्य के लिए पुलिस थाना अतरैला में पदस्थ आरक्षक रमेश मौर्य को पुरस्कृत किया गया। उक्त अवसर पर समस्त थाना प्रभारी सहित समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# रीवा ज़ोन को सीएम हेल्पलाइन में ए ग्रेड, शिकायतों के संतोषजनक निराकरण से बदली तस्वीर

### आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर निराकरण के लिए चला अभियान

**रीवा।**

सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण में रीवा ज़ोन ने इस माह बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए ए ग्रेडिंग प्राप्त की है। इस उपलब्धि का श्रेय ज़ोन के सभी जिलों द्वारा शिकायतों को गंभीरता से लेकर समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण को दिया जा रहा है,गत माह रीवा संभाग में कुल 4,000 से अधिक शिकायतें दर्ज हुईं। इनमें अकेले रीवा जिले से 1,363 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो संभाग में सबसे अधिक थीं। इसके बावजूद शिकायतों के त्वरित निराकरण के चलते रीवा ज़ोन की स्थिति में बड़ा सुधार देखने को मिला। रीवा ज़ोन के आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर सभी जिलों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समाधान हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान थानों





की पुलिस ने व्यक्तिगत रूप से पीड़ितों से संवाद कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता पर हल किया। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए और सैकड़ों शिकायतों को बंद कर दिया गया।बॉक्स सिंगरौली ने मारी बाजी, प्रदेश में दूसरा स्थानइस अभियान में सिंगरौली पुलिस ने 93.14% शिकायतों का समाधान कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं सीधी जिले ने 89.31% शिकायतें निपटाकर चौथा स्थान प्राप्त किया। रीवा जिले ने 84.65% शिकायतों का निराकरण करते हुए प्रदेश में 14वां स्थान हासिल किया, जबकि सतना जिला 18वें, मैहर 11वें और मऊगंज 20वें स्थान पर रहे।ब्लॉक्स भूमि विवाद बन रहे सबसे बड़ी चुनौतीसीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में सबसे अधिक मामले ज़मीन विवाद से जुड़े हैं। आमजन के बीच चल रहे भूमि विवादों की शिकायतें सीएम हेल्पलाइन के ज़रिए पुलिस के पास पहुंच रही हैं। ऐसे मामलों में पुलिस को जांच और समाधान के लिए अतिरिक्त चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।बॉक्स चोरी और गिरफ्तारी से जुड़ी शिकायतें भी आईं सामनेइसके अतिरिक्त चोरी के मामलों का खुलासा न हो पाना और आरोपियों की गिरफ्तारी न होना भी हेल्पलाइन पर प्रमुख शिकायतों में शामिल है। इन मामलों में भी संबंधित थानों को निर्देशित किया गया है कि त्वरित कार्रवाई कर शिकायतों का संतोषजनक समाधान किया जाए।

### संगठन सुदृढ़ीकरण और चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

# आम आदमी पार्टी रीवा इकाई की बैठक सम्पन्न



**रीवा।**

आम आदमी पार्टी की रीवा इकाई की एक अहम बैठक स्थानीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी चुनावों की रणनीति, और जनसंपर्क कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इस बैठक में पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री जितेन्द्र चौरसिया, प्रदेश संयुक्त सचिव एवं प्रदेश सचिव भक्तराज सिंह, प्रदेश संयुक्त सचिव दीपक सिंह, जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, पूर्व जिला अध्यक्षों और उपाध्यक्षों सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक का मुख्य फोकस संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय और मजबूत बनाना तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाना रहा। प्रदेश संगठन मंत्री जितेन्द्र चौरसिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों पर पूरी मजबूती से खड़ी है और जनता की आवाज़ को बुलंद करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि व्यवस्था में आम आदमी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके लिए संगठन को जमीनी स्तर तक मज़बूत बनाना होगा। बैठक के दौरान आगामी दिनों में जिलेभर में व्यापक जनसंपर्क कार्यक्रम, चौपाल, संवाद सभाएँ और विशेष अभियानों के आयोजन का निर्णय लिया गया। प्रदेश संयुक्त सचिव दीपक सिंह ने कहा कि पार्टी की नीति जनता का शासन, जनता के द्वारा की भावना पर आधारित है और इसी उद्देश्य से कार्यकर्ता हर गाँव, हर वार्ड में सक्रिय होंगे। वहीं, जिला अध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि जल्द ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग रणनीति के तहत कार्ययोजनाएँ तैयार की जाएंगी।



## दीनदयाल धाम कालोनी पड़रा मे पूजा-पाठ के साथ माता रानी की बैठकी संपन्न

**रीवा।**

दीनदयाल धाम पडरा की नवदुर्गा उत्सव समिति विगत 35 वर्षो से लगातार माँ दुर्गा जी की प्रतिमा स्थापित कर रही है, यह इस क्षेत्र की सबसे पुरानी नव दुर्गा उत्सव समिति है। 35 वर्षो के इस लंबे समयकाल में लगभग 3 पीढ़ी के लोगो का सहयोग शामिल है। जिसमे कई भक्त जुड़े और कई समय के साथ आगे निकल गये, लेकिन उत्सव समिति भक्तजनों के सहयोग से निरंतर अपने सेवा कार्य मे सफलतापूर्वक नवरात्रि कार्यक्रम को संपन्न कराने में पूर्व की भांति गतिमान है। इस नव दुर्गा उत्सव समिति को विशेषता यह है कि यहाँ न कभी कोई अतिथि बनाया गया और न बुलाया गया, जो भी आया वह भक्त स्वरूप में माँ के दर्शन के लिये ही आया।**समिति के मुख्य सदस्यों में राजेश मिश्रा उर्फ लाला, राघवेंद्र मिश्रा उर्फ पप्पू, बिजेन्द्र गौतम, शिवम मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, रविकांत शुक्ला, किंट्टू, चन्दन, आर्यन, देवेन्द्र पंडित के अलावा अन्य गणमान्य जनो का सहयोग रहा

## गोलबाजार में चल रही रामलीला देखने उमड़ रहे श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

गोलबाजार में चल रही श्री शारदा रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में रविवार को धनुष यज्ञ और सीता स्वयंवर लक्ष्मण परशुराम संवाद का मनमोहक मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा शिव धनुष तोड़ने, माता सीता द्वारा उन्हें वरमाला पहनाने और फिर क्रोधित परशुराम व लक्ष्मण के बीच हुए तीखे संवाद की लीला देख पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के नारों से गूंज उठा।

मंचन की शुरुआत राजा जनक के दरबार से हुई, जहां देश-विदेश से आए कई बलशाली योद्धा शिव धनुष को हिलाने में भी असमर्थ रहे। रावण भी अपनी शक्ति आजमाने के लिए दरबार पहुंचा लेकिन धनुष की महिमा जानकर वापस लौट गया। जब कोई भी वीर धनुष नहीं उठा पाया, तो राजा जनक निराश हो गए और उन्हें चिंता हुई कि उनकी पुत्री सीता का विवाह कैसे होगा। इस पर क्रोधित होकर लक्ष्मण ने सभी को ललकारा, जिसके बाद गुरु विश्वामित्र ने भगवान राम को धनुष तोड़ने का आदेश दिया। गुरु की आज्ञा मिलते ही भगवान राम ने सहजता से धनुष उठा लिया